रजिस्टर्ड नं० एल०-33/एस०एम०/13-14/96.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, सोमवार, 2 दिसम्बर, 1996/11 अग्रहायण, 1918

हिमाचल प्रदेश सरकार

अधिसूचना

शिमला-171004, 2 दिसम्बर, 1996

संख्या 1-60/96-वि० स०.—हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 135 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रित भरण-पोषण विधेयक, 1996

3591-राजपत्र/96-2-12-96—1,231. (5409) मूल्य : 1 रुपया।

(1996 का विधेयक संख्यांक 29) जो दिनांक 2 दिसम्बर, 1996 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुर:स्थापित हो चुका है, सर्वसाधारण की सूचनार्थ असाधारण राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है ।

हस्ताक्षरित/-
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा ।

1996 का विधेयक संख्यांक 29.

हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रित भरणपोषण विधेयक, 1996

(विधान सभा में यथा पुरःस्थापित रूप में)

माता-पिता, पत्नी और सन्तान तथा उनसे सम्बन्धित विषयों का उपबन्ध करने के लिए **विधेयक** ।

उद्देशिका:--क्योंकि वृद्ध और अशक्त माता-पिता तथा आश्रितों की उपेक्षा करने की प्रवृत्ति दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है और युवा पीढ़ी को अपनी नैतिक बाध्यताओं, जो वे अपने कुटुम्ब और वृद्ध एवं अशक्त माता-पिता तथा आश्रितों के प्रति समाज के ऋणी ह, का पालन करने हेतु उन्हें विवश करने की नितान्त आवश्यकता है ताकि वे समाज में रद्दी के ढेर की तरह कंगाल और दीनहीन न बने रहें तथा तद्द्वारा वे अपने जीवन निर्वाह के लिए बेसहारा जीवन जीने को प्रेरित न हों ;

और भारत के संविधान के अनुच्छेद 38 के साथ पठित अनुच्छेद 41 में अधिकथित तत्वों को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए यह लोक हित में है कि बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता सुनिश्चित की जाए ;

भारत गणराज्य के सैंतालीसवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :--

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रित भरणपोषण अधिनियम, 1996 है ।

(2) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे ।

परिभाषाएं।

2. इस अधिनियम में, जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

(क) "अपील प्राधिकारी" से इस अधिनियम की धारा 16 के अधीन राज्य सरकार द्वारा अपील सुनने के लिए प्राधिकृत कोई अधिकारी अभिप्रेत है, जो मण्डल आयुक्त की पंक्ति से नीचे का न हो ;

(ख) "आवेदक" के अन्तर्गत ऐसा व्यक्ति भी है जिसके पक्ष में इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन भरणपोषण का आदेश दिया गया है ;

(ग) "अधिमत व्यक्ति या संगठन" से ऐसा व्यक्ति या संगठन अभिप्रेत है जिसे इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए राज्य सरकार द्वारा धारा 20 के अधीन अधिमत किया गया है ;

(घ) "सन्तान" के अन्तर्गत अधर्मज, दत्तक और सौतेली सन्तान भी है ;

(ङ) "आश्रित" के अन्तर्गत निम्नलिखित हैं—

(i) माता-पिता और पितामह-पितामही, जब तक वे अपना भरणपोषण करने में असमर्थ हैं या पितामह-पितामही की दशा में अपने पुत्रों और पुत्रियों से भरणपोषण अभिप्राप्त करने में असमर्थ हैं ;

(ii) पत्नी, जब तक वह पुनः विवाह न कर ले ;

(iii) पुत्र या पूर्वमृत पुत्र का पुत्र जब तक वह अप्राप्तवय है ; परन्तु यह तब जब कि और उस विस्तार तक जहां तक कि पौत्र की दशा में वह अपने पिता या माता की सम्पदा से भरणपोषण अभिप्राप्त करने में असमर्थ है ;

(iv) अविवाहित पुत्री या पूर्वमृत पुत्र की अविवाहित पुत्री जब तक कि वह अविवाहित रहती है; परन्तु यह तब तक कि और उस विस्तार तक जहां तक कि पौत्री की दशा में वह अपने पिता और माता की सम्पदा से भरणपोषण अभिप्राप्त करने में असमर्थ है ;

(v) विधवा पुत्री, परन्तु यह तब तक कि और उस विस्तार तक जहां तक कि वह निम्नलिखित में किसी से भरणपोषण अभिप्राप्त करने में असमर्थ है—

(क) अपने पति की सम्पदा से ; या

(ख) अपने पुत्र या पुत्री से, यदि कोई हो, या उसकी सम्पदा से ; या

(ग) अपने ससुर या अपने पितामह या उन दोनों में से किसी की सम्पदा से ; या

(vi) पुत्र या पूर्वमृत पुत्र के पुत्र की कोई विधवा, या जब तक कि वह पुनः विवाह न कर ले ; परन्तु यह तब तक जब कि और उस विस्तार तक जहां तक कि वह अपने पति की सम्पदा से या अपने पुत्र या पुत्री से अथवा, यदि कोई हो, या उसकी सम्पदा ; या पौत्र की विधवा की दशा में, अपने ससुर की सम्पदा से भरणपोषण अभिप्राप्त करने में असमर्थ है ;

(vii) अप्राप्तवय अधर्मज पुत्र, जब तक कि वह अप्राप्तवय रहता है ;

(viii) अधर्मज पुत्री, जब तक वह अविवाहित रहती है ;

(च) "मण्डल आयुक्त" से हिमाचल प्रदेश सरकार का मण्डल आयुक्त अभिप्रेत है ;

(छ) "भरणपोषण अधिकारी" से धारा 12 के अधीन माता-पिता और आश्रितों के भरणपोषण के लिए नियुक्त भरणपोषण अधिकारी अभिप्रेत है ;

(ज) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है ;

(झ) "सम्पत्ति" से किसी भी प्रकार की सम्पत्ति, चाहे जंगम या स्थावर, मूर्त या अमूत, अभिप्रेत है और ऐसी सम्पत्ति में कोई अधिकार या हित भी इसके अन्तर्गत हैं ;

(ञ) "प्रत्यर्थी" के अन्तगत ऐसा व्यक्ति भी है जिसके विरुद्ध इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन भरणपोषण का आदेश दिया गया है ; और

(ट) "अधिकरण" से धारा 13 के अधीन स्थापित माता-पिता और आश्रितों के भरणपोषण के लिए अधिकरण अभिप्रेत है ।

भरणपोषण आदेश के लिए आवेदन ।

3. (1) कोई व्यक्ति, जो अपना भरणपोषण करने में असमर्थ है और हिमाचल प्रदेश राज्य का निवासी है--

(i) साठ वर्ष या अधिक आयु के माता-पिता या पितामह-पितामही की दशा में--उसके एक या अधिक सन्तान या पौत्र-पौत्री ;

(ii) पत्नी की दशा में--उसका पति;

(iii) अप्राप्तवय पुत्र या अविवाहित पुत्री की दशा में--उसका पिता और जहां पिता की मृत्यु हो चुकी है उसकी माता ;

(iv) माता-पिता, पितामह-पितामही, पत्नी, अप्राप्तवय पुत्र या अविवाहित पुत्री से भिन्न आश्रित की दशा में यदि ऐसे आश्रित ने अपने पूर्वज की सम्पदा में कोई भाग वसीयती या निर्वसीयती उत्तराधिकार द्वारा अभिप्राप्त नहीं किया है--वह व्यक्ति जो भाग लेता है ;

से अपने भरणपोषण के लिए मासिक भत्ता या कोई अन्य कालिक संदाय या एकमुश्त उसे संदत्त करने के आदेश के लिए अधिकरण को आवेदन कर सकेगा ।

(2) अधिमत व्यक्ति या संगठन जिसकी देख-रेख में माता-पिता, सन्तान या आश्रित रहता है, आदेश के लिए अधिकरण को आवेदन कर सकेगा कि, यथास्थिति, माता-पिता, पत्नी, सन्तान या आश्रित के भरणपोषण के खर्च और व्यय चुकाने के प्रयोजन के लिए प्रत्यर्थी अधिमत व्यक्ति या संगठन को मासिक भत्ता या कोई अन्य कालिक या एकमुश्त संदाय संदत्त करे ।

(3) जहां माता-पिता, पत्नी, सन्तान या आश्रित अधिमत व्यक्ति या संगठन की देख-रेख में नहीं रहता है, वहां, उक्त माता-पिता, पत्नी, सन्तान और आश्रित के भरणपोषण के युक्तिगुक्त खर्च और व्यय काटने के पश्चात्, मासिक भत्ता अन्य कालिक या एकमुश्त संदाय के शेष का कोई भाग, यथास्थिति, ऐसे माता-पिता, पत्नी, सन्तान और आश्रित के लिए न्यास के रूप में रखा जाएगा ।

(4) इस बात के होते हुए भी कि व्यक्ति उप-धारा (1) में विनिर्दिष्ट न्यूनतम आयु से कम आयु का है, यह अधिनियम उस व्यक्ति को लागू होगा यदि अधिकरण का समाधान हो जाता है कि वह मानसिक या शारीरिक शैथिल्य से ग्रस्त है जिससे वह

भरण-पोषण करने में निवारित हुआ है या उसे अपना भरणपोषण करने में कठिनाई होती हो या कोई अन्य विशेष कारण हो ।

स्पष्टीकरण:--इस धारा के प्रयोजन के लिए, माता-पिता अपना भरणपोषण करने में असमर्थ समझे जाएंगे यदि उनकी कुल या प्रत्याशित आय और अन्य वित्तीय स्रोत उन्हें रोटी, कपड़ा और मकान सहित (किन्तु वहां तक सीमित न रह कर) बुनियादी सुख-सुविधाएं और बुनियादी शारीरिक आवश्यकताओं की व्यवस्था करने के लिए अपर्याप्त हैं ।

प्रत्यर्थियों का संयोजन ।

4. प्रत्यर्थी विहित प्ररूप में अन्य व्यक्तियों, जो आवेदक के भरणपोषण के लिए दायी हों, को प्रत्यर्थी के रूप में शामिल करने के लिए नोटिस तामील कर सकेगा ।

भरणपोषण आदेश ।

5. (1) अधिकरण भरणपोषण आदेश कर सकेगा यदि यह उचित समझता है कि यह न्यायसंगत तथा साम्यापूर्ण है कि प्रत्यर्थी को आवेदक का भरणपोषण करना चाहिए और यह कि--

(क) प्रत्यर्थी उसकी अपनी आवश्यकताओं और उसके पति या पत्नी और उसकी सन्तान के पश्चात् आवेदक के भरणपोषण की व्यवस्था करने में समर्थ है ; और

(ख) आवेदक अपने प्रयास के बावजूद, काम करके अपनी सम्पत्ति या किसी अन्य स्रोत से अपना भरणपोषण करने में असमर्थ है।

(2) जब पत्नी, सन्तान या वृद्ध या अशक्त माता-पिता की प्रसुविधा के लिए भरणपोषण के आदेश करते हुए अधिकरण निम्नलिखित विषयों सहित (परन्तु उस तक सीमित नहीं) मामले की समस्त परिस्थितियों को ध्यान में रखेगा :--

(क) आवास और चिकित्सा के लिए युक्तियुक्त व्यय के दृष्टिगत आवेदक की वित्तीय आवश्यकताएं ;

(ख) आवेदक की आय, उपार्जन सामर्थ्य, सम्पत्ति और अन्य वित्तीय स्रोत और जिस ढंग से आवेदक ने अपनी बचत का व्यय किया है या अपने वित्तीय स्रोत अपव्यय किए हैं ;

(ग) आवेदक की शारीरिक या मानसिक निःशक्तता ;

(घ) प्रत्यर्थी की आय, उपार्जन सामर्थ्य, सम्पत्ति और अन्य वित्तीय स्रोत ;

(ङ) प्रत्यर्थी द्वारा अपने पति या पत्नी या सन्तान के सहायतार्थ उपगत व्यय ;

(च) अंशदान और व्यवस्थाएं, चाहे वित्तीय या अन्यथा हों, जो प्रत्यर्थी ने आवेदक के लिए की हैं ;

(छ) यदि आवेदक पृथकतः निवास कर रहा हो, तो क्या आवेदक का ऐसा करना न्यायोचित है ।

(3) आश्रित की प्रसुविधा के लिए भरणपोषण का आदेश करते हुए (पत्नी, अप्राप्तवय पुत्र, अविवाहित पुत्री और माता-पिता से भिन्न) निम्नलिखित बातों का ध्यान रखा जाएगा —

(क) मृतक के ऋणों के संदाय का उपबन्ध करने के पश्चात् उसकी सम्पदा के शुद्ध मूल्य का ;

(ख) मृतक की वसीयत के अधीन आश्रित के बारे में किए गए उपबन्ध, यदि कोई हों;

(ग) दोनों के बीच नातेदारी;

(घ) आश्रित की युक्तियुक्त आवश्यकताएं;

(ङ) आश्रित और मृतक के बीच पूर्व सम्बन्ध;

(च) आश्रित की सम्पत्ति के मूल्य और ऐसी सम्पत्ति से प्राप्त कोई आय या उसकी या उसके किसी अन्य स्रोत से व्युत्पन्न आय;

(छ) इस अधिनियम के अधीन भरणपोषण के हकदार आश्रितों की संख्या ।

(4) अधिकरण, जहां एक से अधिक प्रत्यर्थी हों, भरणपोषण को विभिन्न प्रत्यर्थियों में ऐसी रीति में प्रभाजित कर सकेगा जैसा कि न्यायसंगत हो ।

(5) अधिकरण इस धारा के अधीन आवेदन की सुनवाई से पूर्व पक्षकारों के बीच मतभेदों को, पक्षकारों के बीच मध्यस्तता के लिए सुलह अधिकारी को निर्दिष्ट कर सकेगा ।

भरणपोषण के लिए सुरक्षा का आदेश देने की अधिकरण की शक्ति।

6. (1) भरणपोषण आदेश में, ऐसी अवधि के लिए जो अधिकरण अवधारित करे, एकमुश्त राशि या मासिक भत्ता के संदाय या कालिक संदाय के लिए उपबन्ध हो सकेगा ।

(2) अधिकरण स्वविवेकानुसार भरणपोषण अधिनिर्णीत करते हुए प्रत्यर्थी को इसके पूर्णत : या अंशत: भाग को प्रतिभूत करने के लिए न्यास पर न्यासियों में कोई सम्पत्ति निहित करते हुए उस सम्पत्ति की आय में से भरणपोषण या उसके भाग को, संदत्त करने का आदेश दे सकेगा ।

(3) अधिकरण भरणपोषण अधिनिर्णीत करते हुए आवेदक को—

(क) ऐसी न्यूनतम राशि जो अधिकरण बैंक के साथ नियत करे, जमा करने;

(ख) ऐसी न्यूनतम राशि से बीमाकर्ता के साथ वार्षिकी का क्रय करने का आदेश दे सकेगा ।

(4) अधिकरण, भरणपोषण अधिनिर्णीत करते हुए, संदाय की रीति और ढंग के निदेश दे सकेगा ।

भरणपोषण के लिए आदेशों की कालावधि।

7. (1) सिवाय जहां भरणपोषण के लिए आदेश किसी लघुतर अवधि के लिए अभिव्यक्त किया हो, या जहां ऐसा आदेश विखंडित किया जा चुका हो, भरणपोषण आदेश समाप्त हो जाएगा—

(क) यदि भरणपोषण आवेदक या प्रत्यर्थी की मृत्यु पर जो पूर्वतः हो, अप्रतिभूत था;

(ख) यदि भरणपोषण आवेदक की मृत्यु पर प्रतिभूत था ।

(2) जहां भरणपोषण आदेश एक से अधिक प्रत्यर्थी के विरुद्ध किया गया था वहां प्रत्यार्थी की मृत्यु, आवदक के भरणपोषण करते रहने के अन्य व्यक्तियों के दायित्व को प्रभावित नहीं करेगी । आवेदक, अधिकरण को उत्तरजीवी प्रत्यर्थियों के बीच दायित्व के पुनः प्रभाजन के लिए आवेदन कर सकेगा ।

भरणपोषण के लिए आदशों को परिवर्तित करने की अधिकरण की शक्ति ।

8. (1) अधिकरण, भरणपोषण के लिए किसी विद्यमान आदेश को चाहे प्रतिभूत या अप्रतिभूत हो, या परिवर्तित या विखंडित कर सकेगा, जहां यह समाधान हो जाता है, कि आदेश किसी दुर्व्यपदेशन या तथ्य की भूल या जहां आवेदक या प्रत्यर्थी की परिस्थितियों में तात्विक तबदीलियां हुई हों, पर आधारित हो या जहां अन्य व्यक्ति प्रत्यर्थी के रूप में शामिल हुआ हो ।

(2) भरणपोषण के आदेश में फेरफार के लिए आवेदन निम्न द्वारा किया जा सकेगा—

(क) आवेदक;
(ख) प्रत्यर्थी;
(ग) भरणपोषण अधिकारी;
(घ) धारा 3 (2) में निर्दिष्ट अधिमत व्यक्ति या संगठन; या
(ङ) प्रतिभूत भरणपोषण के बारे में प्रत्यर्थी के विधिक व्यैक्तिक प्रतिनिधि ।

(3) जहां भरणपोषण आदेश एक से अधिक प्रत्यर्थी के विरुद्ध किया गया था या अन्य प्रत्यर्थी शामिल हो गया है वहां अधिकरण भरणपोषण के परिवर्तन करने के आवेदन पर एसी रीति में जैसा वह न्यायोचित समझे, भरणपोषण का पुनः प्रभाजन कर सकेगा ।

अधिकरण के आदेश के अधीन संदेय भरणपोषण का अन्य-असंक्राम्य होना ।

9. इस अधिनियम के अधीन किसी व्यक्ति को संदेय भरणपोषण, किसी ऋण या दावा, जो कोई भी हो, के लिए या क बारे में, समनुदेशीय या अंतरणीय या कुर्क, जब्त या उद्ग्रहीत किए जाने का दायी, नहीं होगा ।

भरणपोषण आदेशों का प्रवर्तन ।

10. (1) इस अधिनियम के अधीन किया गया भरणपोषण आदेश का वही बल और प्रभाव होगा जैसा कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय 9 के अधीन पारित आदेश का होगा और उसी संहिता द्वारा ऐसे आदेश के निष्पादन के लिए विहित रीति में निष्पादित किया जाएगा । 1974 क

(2) भरणपोषण के लिए आदेश या तो उसी अधिकरण द्वारा जिसने इसे पारित किया हो या अन्य अधिकरण या साधारण न्यायालय जिसमें निष्पादन के लिए भेजा गया हो, निष्पादित किया जा सकेगा ।

(3) उप-धाराएं (1) और (2) में निर्दिष्ट निष्पादन आदेशों के ढंग के अतिरिक्त, किसी व्यक्ति, जो किसी राज्य या केन्द्रीय सरकार अथवा किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी व्यापार या उद्योग में लगे किसी निगम के जो केन्द्रीय या राज्य
का 1 सरकार द्वारा स्थापित किया गया हो अथवा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 में यथापरिभाषित किसी सरकारी कम्पनी से वेतन प्राप्त कर रहा है, के विरुद्ध पारित भरणपोषण आदेश उसे संदेय वेतन की कुर्की द्वारा निष्पादित किया जा सकेगा ।

(4) जहां वेतन उप-धारा (3) के अधीन कुर्क किया जाता है, अधिकरण, चाहे भरणपोषण की रकम संदत्त करने के लिए दायी व्यक्ति या नियोजक अथवा वेतन का संवितरण करने वाला अधिकारी अधिकरण की अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर है या नहीं, यह आदेश कर सकेगा कि ऐसे वेतन से मासिक किस्तों द्वारा एक-तिहाई से अनधिक वेतन, जैसा अधिकरण निर्दिष्ट करे, विधारित किया जाएगा और आदेश की सूचना हो जाने पर ऐसा नियोजक या संवितरक अधिकारी मासिक किस्तों की रकम अधिकरण के पास भेजेगा ।

(5) जहां ऐसे वेतन के कुर्की योग्य भाग, कुर्की के पूर्वतन और अनुष्ट आदेश के अनुसरण में पहले ही विधारित और न्यायालय या अधिकरण के पास भेजा जा रहा है, वहां नियोजक और संवितरक अधिकारी पश्चात्वर्ती आदेश को तत्काल उस अधिकरण को जिसने उसे निकाला है, विद्यमान कुर्की की सभी विशिष्टियों के पूरे कथन के सहित लौटा देगा ।

(6) उप-धारा (3) के अधीन किया गया हर आदेश जब तक कि वह उप-धारा (5) के उपबन्धों के अनुसरण में लौटा न दिया जाए, अतिरिक्त सूचना या अन्य आदेशिका के बिना नियोजक को आबद्ध करेगा और नियोजक इस धारा की उप-धाराओं (3), (4) और (5) के उपबन्धों के उल्लंघन में संदत्त की गई राशि के लिए दायी होगा ।

असमर्थ आवेदकों की ओर से आवेदन ।

11. जहां, आवेदक इस अधिनियम के अधीन आवेदन करने में असमर्थ है (चाहे शारीरिक या मानसिक शैथिल्य या अन्य किसी कारण से) वहां ऐसा आवेदन उसकी ओर से निम्न द्वारा किया जा सकेगा ––

(क) कुटुम्ब के किसी सदस्य द्वारा ;

(ख) किसी व्यक्ति जिसकी देखरेख में वह रहता हो ; या

(घ) अन्य कोई व्यक्ति जिसे आवेदक ने आवेदन करने के लिए प्राधिकृत किया हो ।

भरणपोषण अधिकारी की नियुक्ति ।

12. (1) राज्य सरकार, माता-पिता और आश्रितों के भरणपोषण के लिए भरण-पोषण अधिकारी ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर नियुक्त कर सकेगी जो वह अवधारित करे ।

(2) भरणपोषण अधिकारी, साठ वर्ष की आयु से ऊपर के आवेदक या अप्राप्तवय सन्तान (चाहे आवेदक ऐसा करने में समर्थ हो या न हो) की ओर से आवेदन कर सकेगा या इस अधिनियम के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों का इस अवधि में व्यपदेशन कर सकेगा ।

(3) भरणपोषण अधिकारी अपने अधिकारियों में से किन्हीं अधिकारियों, को सम्बन्धित पक्षकारों से उनकी सहायता के लिए सुलह द्वारा करार करने के लिए परामर्श या निदेश दे सकेगा ।

(4) इस बात के होते हुए भी, कि व्यक्ति की आयु उप-धारा (2) में विनिर्दिष्ट न्यूनतम आयु से कम है, यदि भरणपोषण अधिकारी का स्वविवकानुसार समाधान हो जाता है कि वह मानसिक या शारीरिक शैथिल्य से पीड़ित है जो उसे पोषित करने से निवारित करता है या जिससे उसका अपना पोषण करना कठिन है या यदि कोई अन्य विशे कारण है, भरणपोषण अधिकारी स्वविवेकानुसार उसकी ओर से आवेदन या उसका प्रतिनिधित्व कर सकेगा ।

माता-पिता और आश्रितों के भरणपोषण के लिए अधिकरण की स्थापना ।

13. (1) **सरकार इस अधिनियम द्वारा माता-पिता और आश्रितों के भरण-पोषण के लिए अधिकरण को प्रदत्त अधिकारिता और शक्तियों का प्रयोग करने के प्रयोजन के लिए इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात् यथाशक्यशीघ्र प्रत्येक जिले में और ऐसे स्थानों पर माता-पिता आश्रितों के भरणपोषण क लिए इतन अधिकरण स्थापित कर सकगी, जो सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे ।**

(2) ऐसे अधिकरणों के पीठासीन अधिकारी राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएंगे जो उपमण्डलाधिकारी (सिविल) की पंक्ति से नीचे के नहीं होंगे ।

(3) अधिकरण का पीठासीन अधिकारी अपना पद रिक्त कर देगा जहां--

(क) वह पद से त्यागपत्र दे देता है ; या

(ख) जहां उसकी नियुक्ति किसी पद धारण के फलस्वरूप की जाती है, वह उस पद पर नहीं रहता है ।

(4) जहां व्यक्ति अधिकरण का पीठासीन अधिकारी नहीं रहता है वहां राज्य सरकार युक्तियुक्त रूप में यथासाध्य शीघ्रता से रिक्ति को भरने के लिए पग उठाएगी, किन्तु अधिकरण में कोई रिक्ति अधिकरण के कार्यों को अविधिमान्य नहीं करेगी ।

(5) यदि अधिकरण का पीठासीन अधिकारी तत्समय अपने पद के या तो साधारणतया या विशिष्ट कार्यवाहियों से सम्बन्धित कर्त्तव्यों का अनुपालन करन में असमर्थ हो तो राज्य सरकार कायवाहियों से सम्बन्धित, यथास्थिति, किसी व्यक्ति को एक समय में छः मास से अनधिक अवधि के लिए पीठासीन अधिकारी के कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त कर सकेगी और इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति की, उस अवधि के दौरान या उन कार्यवाहियों से सम्बन्धित वही शक्तियां होंगी जैसे उस व्यक्ति की हैं जिस के स्थान पर उसे नियुक्त किया गया है ।

(6) अधिकरण का पीठासीन अधिकारी जब तक अधिकरण में सेवारत है भारतीय दण्ड संहिता के अर्थ के अन्तर्गत लोक सेवक समझा जाएगा और अधिकरण की कार्यवाहियां न्यायिक कार्यवाहियां समझी जाएंगी ।

अधिकरण द्वारा दावों का सुना और अवधारित किया जाना ।

14. (1) अधिकरण को, इस अधिनियम के अधीन किए गए सभी आवेदनों को इस अधिनियम के अनुसार, सुनने और अवधारित करने की अधिकारिता होगी ।

(2) अधिकरण, उसे किए गए प्रत्येक आवेदन को यथाशक्य शीघ्र विनिश्चित करेगा और साधारणतया प्रत्येक आवेदन को, इसके किए जाने की तारीख से छः मास की अवधि के भीतर विनिश्चित करेगा ।

(3) अधिकरण की बैठकें ऐसे स्थानों और समय पर होंगी जैसे अधिकरण का पीठासीन अधिकारी अवधारित करे ।

(4) किसी हितबद्ध पक्षकार का निम्नलिखित द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रतिनिधित्व किया जा सकेगा---

(क) किसी मामले में, फीस, लाभ, पारिश्रमिक या किसी प्रत्याशा के बिना कार्य करते हुए, जिसमें अधिकरण पक्षकार की प्रार्थना पर और ठोस कारण से अनुज्ञा दे सकेगा---किसी अभिकर्ता ;

(ख) भरणपोषण अधिकारी ;

(ग) यदि वह अधिमत व्यक्ति या संगठन है तो अधिमत व्यक्ति या संगठन का अधिकारी या कर्मचारी ।

(5) अधिकरण के समक्ष किन्हीं कार्यवाहियों में किसी भी पक्षकार का प्रतिनिधित्व अधिवक्ता द्वारा नहीं किया जाएगा ।

(6) अधिकरण के पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षराधीन किसी व्यक्ति को जारी किया गया प्रत्येक समन या नोटिस उस व्यक्ति पर निम्न प्रकार से तामील किया जाएगा---

(क) व्यक्ति या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को, उसके अंतिम ज्ञात निवास-स्थान पर समन द्वारा ;

(ख) उसके सामान्य या अन्तिम ज्ञात निवास-स्थान या कारबार के स्थान पर उस व्यक्ति को सम्बोधित लिफाफे में समन छोड़कर ;

(ग) उसके सामान्य या अन्तिम ज्ञात निवास-स्थान या कारबार के स्थान पर उस व्यक्ति को सम्बोधित रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा समन भेज कर ; या

(घ) जहां व्यक्ति, व्यक्तियों का निकाय या कम्पनी हो---

(i) व्यक्तियों के निकाय या कम्पनी या सचिव या अन्य उसी प्रकार के अधिकारी को, रजिस्ट्रीकृत कार्यालय या कारबार के मुख्य स्थान पर समन परिदत्त करके ; या

(ii) व्यक्तियों के निकाय या कम्पनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय या कारबार के मुख्य स्थान को सम्बोधित रजिस्ट्रीकृत डाक से समन भेज कर, तामील किया जा सकेगा ।

(7) उप-धारा (6) के अनुसार रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजे गए कोई समन या नोटिस व्यक्ति को, सम्यक रूप से तामील किए गए समझे जाएंगे, जब पत्र साधारण डाक द्वारा पहुंच गया होता और समन की तामील साबित करने के लिए, यह साबित करना पर्याप्त होगा कि समन उचित तौर से स्टांपित और रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजे गए थे ।

(8) अधिकरण की निम्नलिखित शक्तियां होंगी:---

(क) शपथ-पत्रों और अन्य दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर तुच्छ और तंग करने वाले दावों को, प्रारम्भिक अवस्था में, खारिज करना ;

(ख) किसी व्यक्ति को सुलह अधिकारी के समक्ष, मध्यस्थता के प्रयोजन से समन करना ;

(ग) किसी व्यक्ति को जिसे यह योग्य समझे, आवेदन की सुनवाई में साक्ष्य देने के लिए समन करना ;

(घ) ऐसे व्यक्ति का साक्षी के रूप में शपथ पर या अन्यथा परीक्षण करना और ऐसे व्यक्ति से ऐसे अभिलेख, दस्तावेज या वस्तुएं जो अधिकरण कार्यवाहियों के प्रयोजन के लिए आवश्यक समझे, पेश करने की अपेक्षा करना ;

(ङ) किसी व्यक्ति को कार्यवाहियों में हाजिर होने के लिए अनुज्ञात करना, उस द्वारा ऐसे हाजिर होने के लिए उपगत आवश्यक व्यय को ऐसे पक्षकार द्वारा संदत्त कराना जो अधिकरण अवधारित करे ;

(च) पक्षकारों की सहमति द्वारा आदेश करना ; और

(छ) साक्षियों को हाजिर कराने और शपथ पर साक्ष्य सुनने के विषय में मैजिस्ट्रेट की सभी शक्तियां ।

(9) अधिकरण द्वारा या के समक्ष साक्षी के रूप में परीक्षित प्रत्येक व्यक्ति, सत्य बोलने और ऐसे अभिलेख, दस्तावेज या वस्तुएं, जिसे अधिकरण अपेक्षा करे, पेश करने के लिए वैध रूप से आबद्ध होगा ।

(10) अधिकरण, साक्ष्य के रूप में कोई रिपोर्ट, कथन, दस्तावेज, जानकारी या बात जो उसकी राय में इसे विवाद पर प्रभावी रूप से विचार करने में सहायक हो, चाह वह अन्यथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 क अधीन सुसंगत या ग्राह्य न हो, ग्रहण कर सकेगा । 1872 का 1

(11) अधिकरण के समक्ष कार्यवाहियों में साक्षियों का विस्तरित साक्ष्य अभिलिखित करना आवश्यक नहीं होगा, किन्तु अधिकरण, जैसे जैसे प्रत्येक साक्षी की परीक्षा होती जाती है, साक्षी जो अधिसाक्ष्य देता है के सार का ज्ञापन अभिलिखित करेगा या करवाएगा और ऐसा ज्ञापन साक्षी द्वारा और अधिकरण के पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा और अभिलेख का भाग होगा ।

(12) किसी व्यक्ति का साक्ष्य, जहां ऐसा साक्ष्य औपचारिक प्रकार का है, को शपथ-पत्र द्वारा दिया जा सकेगा और अधिकरण के समक्ष किसी कार्यवाही में, साक्ष्य में सभी अपवादों के अध्यधीन होगा ।

(13) अधिकरण, यदि वह ठीक समझे, कार्यवाहियों में पक्षकारों में से किसी एक के आवेदन पर ऐसे किसी व्यक्ति को, जो उसके शपथ-पत्र में अन्तर्विष्ट तथ्यों के लिए हों, समन करेगा और उसकी परीक्षा करेगा ।

अपील प्राधिकारी, अधिकरण की कार्यवाहियों को मंगवा सकेगा ।

15. (1) अपील प्राधिकारी, स्वप्रेरणा से या अधिकरण के विनिश्चय से व्यथित किसी पक्षकार के आवेदन पर चौदह दिन के भीतर, इस आधार पर कि यह विधि की दृष्टि में दोषपूर्ण है कार्यवाहियों और अधिनिर्णय के आधारों को मंगवा सकेगा और उस पर या नई सुनवाई निर्दिष्ट करते हुए या अन्यथा ऐसे आदेश देगा जो यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रतीत हो कि पर्याप्त न्याय हुआ है ।

(2) इस धारा के अधीन प्रदत्त पुनरीक्षण की शक्तियां इस अधिनियम के अधीन प्रदत्त या प्रभावित भरणपोषण की मात्रा के बार में अधिकरण क विनिश्चय को प्रश्नगत नहीं करेंगी ।

अपीलें ।

16. (1) इस धारा और धारा 15 में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय अधिकरण का विनिश्चय अन्तिम होगा ।

(2) आवेदक, आवेदक की ओर से भरणपोषण अधिकारी, प्रत्यर्थी, अधिमत व्यक्ति या संगठन या कोई अन्य प्रभावित पक्षकार अधिकरण के विनिश्चय से, किसी विधि या मिश्रित विधि क प्रश्न या तथ्य पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अपील प्राधिकारी को अपील कर सकेगा सिवाय एसे किसी मामले में जहां अधिकरण ने आदेश पक्षकारों की सहमति से किया हो जब तक कि यह अभिकथित न हो कि सहमनि कपट, विबाध्यता, धमकी या दुर्व्यपदेशन द्वारा अभिप्राप्त न की गई हो ।

(3) अपील प्राधिकारी, उसे की गई प्रत्येक अपील को यथाशक्य शीघ्र विनिश्चित करेगा और प्रत्येक अपील को इसके किए जाने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर विनिश्चित करेगा ।

(4) उप-धाराएं (2) और (3) के अधीन ऐसी अपीलों को विनियमित करने वाली प्रक्रिया वही होगी जो जिला न्यायालय के विनिश्चय से उच्च न्यायालय को की गई अपीलों के लिए है ।

(5) अपील प्राधिकारी को ऐसी किसी अपील को सुनने और अवधारित करने की अधिकारिता होगी और अपील पर अधिकरण के विनिश्चय को पुष्ट, परिवर्तित या बातिल कर सकेगा और ऐसी अपील पर खर्च की बाबत या अन्यथा ऐसा अगला या अन्य आदेश कर सकेगा जैसा अपील प्राधिकारी ठीक समझे ।

(6) अपील प्राधिकारी के विनिश्चय से अपील का अतिरिक्त अधिकार नहीं होगा ।

खर्च ।

17. इस अधिनियम के अधीन—

(क) आवेदन का खर्च, अधिकरण के; और

(ख) अपील की सुनवाई का खर्च अपील प्राधिकारी के;

स्वविवेकानुसार होगा ।

भरणपोषण के अधिकार पर सम्पत्ति के अन्तरण का प्रभाव ।

18. (1) जहां किसी व्यक्ति ने इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात् अपनी सम्पत्ति दान द्वारा या अन्यथा इस शर्त के अधीन अन्तरित की है कि अन्तरिति, अन्तरक को आधारभूत सुखसुविधाएं और आधारभूत शारीरिक आवश्यकताएं उपलब्ध करवाएगा और ऐसा अन्तरिति ऐसी सुखसुविधाओं और शारीरिक आवश्यकताओं को उपलब्ध करवाने से इन्कार करता है या उपलब्ध करवाने में असफल रहता है तो उक्त सम्पत्ति का अन्तरण कपट या प्रपीड़न या अनुचित प्रभाव के अधीन किया गया समझा जाएगा और अन्तरक के विकल्प पर शून्य होगा ।

(2) जहां किसी व्यक्ति को किसी सम्पदा में से भरणपोषण प्राप्त करने का अधिकार है, और एसी सम्पदा या इसका कोई भाग अन्तरित किया जाता है तो यदि अन्तरिति को उस अधिकार की सूचना है या यदि वह अन्तरण अनुग्रहिक है तो भरणपोषण प्राप्त करने के अधिकार का प्रवर्तन अन्तरिती के विरुद्ध करवाया जा सकेगा किन्तु ऐसे अन्तरिती के विरुद्ध नहीं जो सप्रतिफल अन्तरिती है और जिसे उस अधिकार की सूचना नहीं है ।

अधिमत व्यक्ति या संगठन ।

19. राज्य सरकार—

(क) सामाजिक कल्याण में रत संस्थानों या संगठनों या उनके प्रतिनिधियों को;

(ख) परिवार कल्याण की अभिवृद्धि में रत व्यवसायिक व्यक्तियों को ;

(ग) सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को; और

(घ) किसी अन्य व्यक्ति को;

जिनका अधिकरण से सहयोजन इसे इस अधिनियम के प्रयोजनानुसार इसकी अधिकारिता को अधिक प्रभावित ढंग से अमल में लाने हेतु उसे सशक्त करेगा, अधिमत कर सकेगी ।

उपबन्ध कतिपय विधियों के अल्पीकरण में नहीं होंगे ।

20. इस अधिनियम के उपबन्ध, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय 9 (पत्नी, सन्तान और माता-पिता के भरण-पोषण के आदेश से सम्बन्धित) और भरणपोषण के वाद या कार्यवाही के बारे में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के उपबन्धों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके अल्पीकरण में ।

नियम बनाने की शक्ति ।

21. (1) राज्य सरकार, पूर्व प्रकाशन की शर्त के अध्यधीन इस अधिनियम के उपबन्धों के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी ।

(2) पूर्ववर्ती शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नलिखित के लिए उपबन्ध कर सकेंगे––

(क) इस अधिनियम के अधीन आवेदनों और कार्यवाहियों के संचालन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को विनियमित और विहित करने के लिए;

(ख) उन साधनों, जिनके द्वारा विशिष्ट तथ्यों को साबित किया जा सके और ढंग जिसके द्वारा उनके साक्ष्य (जिसके अन्तर्गत शपथ-पत्र भी है, किन्तु केवल इस तक सीमित नहीं) को विनियमित और विहित करने के लिए;

(ग) रीति जिसमें तुच्छ या तंग करने वाले दावे प्रारम्भिक अवस्था में शपथ-पत्र और अन्य दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर खारिज किए जा सकें;

(घ) दस्तावेजों और अन्य साक्ष्य और लोक अभिलेखाओं का प्रकटीकरण ;

(ङ) इस अधिनियम के अधीन अधिनिर्णीत भरणपोषण के संदाय की रीति और पद्धति ;

(च) इस अधिनियम के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों के खर्चे ; और

(छ) अधिकरण को सहायता देने के लिए रीति जिसमें, प्रयोजन जिसके लिए, और शर्तें जिनके अन्तर्गत संस्थानों, संगठनों और अन्य व्यक्तियों को, अधिमत किया जा सके ।

(3) इस धारा के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात्, यथाशीघ्र राज्य विधान सभा के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल चौदह दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा । यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी । यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व विधान सभा उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाए तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा । यदि उक्त अवसान के पूर्व विधान सभा सहमत हो जाए कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा । किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

हमारे समाज में वृद्ध माता-पिता का भरणपोषण एक महत्वपूर्ण विषय माना जाता रहा है और यह पैतृक और अर्जित सम्पत्ति पर आधारित न हो कर आपसी सम्बन्धों पर आधारित निजी नैतिक दायित्व रहा है।

हमारे प्राचीन मनीषियों ने इस धारणा को सर्वोच्च स्थान दिया है कि "वृद्ध माता-पिता, सतीव्रता पत्नी और शिशु का भरणपोषण करना सर्वोपरि कर्तव्य है चाहे इसके लिए सैंकड़ों दुष्कर्म क्यों न करने पड़ें"। वर्तमान में हमारे संविधान निर्माताओं ने बुढ़ापे, बीमारी और निशक्तता तथा अन्य अनर्ह की दशा में लोक सहायता के अधिकार को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी उपबन्ध बना कर कल्याणकारी राज्य, समतावादी समाज व्यवस्था करने के लि अनुच्छेद 38 और 41 में अन्य उपबन्धों सहित, राज्य की नीति के निदेशक तत्वों का बड़ी बुद्धिमता से प्रावधान किया है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस विकासशील युग में हमारे पुरातन सदगुणों का ह्रास हो रहा है और भौतिकवादी और अलगाववादी प्रवृत्तियां पनप रही हैं।

युवा पीढ़ी अपनी पत्नी, सन्तान और वृद्ध तथा अशक्त माता-पिता की उपेक्षा कर रही है, वे समाज में रद्दी के ढेर की तरह, कंगाल और दीनहीन बनने पर और तद्द्वारा वे अपना जीवन निर्वाह के लिए बेसहारा, अनैतिक और आपराधिक जीवन जीने को विवश हो रहे हैं। इसलिए उपेक्षित पत्नी, सन्तान और वृद्ध तथा अशक्त माता-पिता की कठिनाइयों को दूर करने के लिए सहानुभूतिशील और शीघ्र उपचार का उपबन्ध करना परमावश्यक हो गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

विद्याधर,
प्रभारी मन्त्री।

शिमला :
2 दिसम्बर, 1996.

वित्तीय ज्ञापन

विधेयक का खण्ड 12 और खण्ड 13, माता-पिता और आश्रितों के भरणपोषण के लिए भरणपोषण अधिकारी और अधिकरण की नियुक्ति का उपबन्ध करता है । क्योंकि प्रस्तावित उपबन्धों के कार्यान्वयन के लिए विद्यमान सरकारी तन्त्र का उपयोग किया जाना आशयित है, इसलिए स्थापना पर कोई अतिरिक्त व्यय नहीं होगा । अनन्तिम रूप से, विधेयक में अन्तर्विष्ट उपबन्धों क अधिनियमित किए जाने पर प्रति वर्ष लगभग तीन लाख रुपये का राजकीष से अतिरिक्त आवर्ती व्यय अन्तर्वलित होगा ।

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

खण्ड 22 में उल्लिखित प्रयोजनों के बारे में नियम बनाने के लिए और विधेयक के सभी या किन्हीं उपबन्धों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिए राज्य सरकार को सशक्त करता है। ये नियम बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र विधान सभा के समक्ष रखे जाएंगे । यह प्रत्यायोजन आवश्यक और सामान्य प्रकृति का है ।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के अधीन राज्यपाल की सिफारिश

[कल्याण विभाग नस्ति सं0डब्ल्यू एल एफ-ए (3) 5/96]

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रित भरणपोषण विधेयक, 1996 की विषयवस्तु के बार में सूचित किए जाने के पश्चात्, भारत के संविधान क अनुच्छद 207 के अधीन विधेयक को विधान सभा में पुरःस्थापित करने और उस पर विचार करने की सिफारिश करते हैं ।

Bill No. 29 of 1996

THE HIMACHAL PRADESH MAINTENANCE OF PARENTS AND DEPENDANTS BILL, 1996

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

A

BILL

to provide for the maintenance of parents, wives and children and for matters connected therewith.

Preamble.—WHEREAS tendency to neglect the aged and infirm parents and dependants is increasing day by day and there is apparent need to compel the young generation to perform their moral obligation which they owe to the society in respect of their families and aged and infirm parents, so that they are not left beggared and destituted on the scrap-heap of society and thereby driven to life of vagrancy for their subsistence.

AND WHEREAS, for the purpose of securing the principles laid down in article 41, read with article 38, of the Constitution of India, it is in the public interest that the public assistance in cases of old age, sickness and disablement and in other cases of undeserved want should be secured.

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Forty-seventh Year of the Republic of India, as follows,—

Short title and commencement.

1. (1) This Act may be called the Himachal Pradesh Maintenance of Parents and Dependants Act, 1996.

(2) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

Definitions.

2. In this Act, unless the context otherwise requires,—

(*a*) "appellate authority" means an officer, not below the rank of Divisional Commissioner, authorised by the State Government to hear the appeals under section 16 of this Act;

(*b*) "applicant" includes a person in whose favour a maintenance order has been made under the provisions of this Act;

(*c*) "approved person or organisation" means a person or an organisation that has been approved under section 20 by the State Government in writing for the purposes of this Act;

(*d*) "child" includes an illegitimate, adopted and step child;

(*e*) "dependant" includes—

(*i*) parents and grand parents, so long as they are unable to maintain themselves or unable to obtain maintenance in the case of grand parents from their sons and daughters;

(*ii*) wife, so long as she does not remarry;

(*iii*) son or the son of pre-deceased son, so long as he is minor; provided and to the extent that he is unable to obtain maintenance, in the case of grand-son from his father's or mother's estate;

(*iv*) unmarried daughter or unmarried daughter of the predeceased son, so long as she remains unmarried; provided and to the extent that she is unable to obtain maintenance in case of a grand daughter from her father's and mother's estate;

(*v*) widowed daughter; provided that and to the extent that she is unable to obtain maintenance —

(*a*) from the estate of her husband;

(*b*) from her son or daughter, if any, or his or her estate; or

(*c*) from her father-in-law or her grand father or the estate of either of them;

(*vi*) any widow of the son or of the son of the pre-deceased son, so long as she does not remarry; provided and to the extent that she is unable to obtain maintenance from the estate of her husband or from her son or daughter, if any, or his or her estate; or in the case of a grandson's widow, also from her father-in-law's estate;

